www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 11/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Arithmetic**

**Q.1** ₹64 प्रति kg वाली चीनी को ₹22 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹70.8 प्रति kg पर बेचने पर 20% का लाभ हो?

**Ans**
- ✗ 1. 35 : 6
- ✗ 2. 36 : 3
- ✓ 3. 37 : 5
- ✗ 4. 38 : 3

**Q.2** प्रथम 143 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 145
- ✗ 2. 143.5
- ✓ 3. 144
- ✗ 4. 144.5

**Q.3** यदि दो संख्याओं का अनुपात 3 : 4 है तथा उनका LCM, 72 है तो दोनों संख्याओं का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 24
- ✓ 2. 42
- ✗ 3. 36
- ✗ 4. 18

**Q.4** A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 8 दिन, 16 दिन और 24 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे एक साथ कार्य करते हैं, तो मूल कार्य के ग्यारह गुना कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

**Ans**
- ✗ 1. 44
- ✗ 2. 42
- ✗ 3. 46
- ✓ 4. 48

**Q.5** 14 cm व्यास और 30 m लंबाई वाले किसी तार का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।
$\left(\pi = \frac{22}{7}\text{ लीजिए}\right)$

**Ans**
- ✗ 1. 462700
- ✗ 2. 461800
- ✓ 3. 462000
- ✗ 4. 462400

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.6** ₹381 के विक्रय मूल्य वाली वस्तु पर 27% लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना है?

**Ans**
- ✔ 1. ₹300
- ✗ 2. ₹354
- ✗ 3. ₹313
- ✗ 4. ₹327

**Q.7** एक उबर कैब 16 घंटे में 384 km की दूरी तय करती है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 27
- ✗ 2. 14
- ✗ 3. 22
- ✔ 4. 24

**Q.8** $x^{1.5} \times y^{2.5}$ और $y^{3.5} \times x^{2.5}$ का म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. $x \times y^2 \times \sqrt{x \times y}$
- ✗ 2. $x^2 \times y \times \sqrt{x \times y}$
- ✗ 3. $x \times y \times \sqrt{x \times y}$
- ✗ 4. $x^2 \times y^2 \times \sqrt{x \times y}$

**Q.9** लता ने ₹30,000 में एक सेकंड-हैंड स्कूटी खरीदी। स्कूटी का मूल्य, x% वार्षिक दर से कम होता है। यदि 2 वर्ष बाद स्कूटी ₹20,667 के मूल्य पर बेची जाती है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 18
- ✗ 2. 16
- ✗ 3. 19
- ✔ 4. 17

**Q.10** वह अनुपात ज्ञात कीजिए, जिसमें ₹36.75 प्रति kg वाले चावल को ₹42.25 प्रति kg वाले चावल के साथ मिलाया जाए, ताकि ₹40.50 कीमत वाले चावल का मिश्रण प्राप्त हो।

**Ans**
- ✔ 1. 7 : 15
- ✗ 2. 147 : 169
- ✗ 3. 169 : 147
- ✗ 4. 15 : 7

**Q.11** एक संख्या में 50 % की वृद्धि करने पर 2400 प्राप्त होता है। वह संख्या ________ है।

**Ans**
- ✔ 1. 1600
- ✗ 2. 4800
- ✗ 3. 3200
- ✗ 4. 800

**Q.12** दो मित्रों निर्मल और राकेश की मासिक आय क्रमशः 5 : 7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹84000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो निर्मल की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ 1. 141000
- ✗ 2. 196000
- ✗ 3. 139000
- ✔ 4. 140000

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 78 मिनट और 24 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B दोनों को एक साथ खोला जाता है। कितने समय बाद पाइप A को बंद कर देना चाहिए ताकि खाली टंकी कुल 20 मिनट में पूरी भर जाए?

Ans
✔ 1. 13 मिनट
✘ 2. 10 मिनट
✘ 3. 25 मिनट
✘ 4. 16 मिनट

Q.14 n का सबसे बड़ा संभावित मान ज्ञात कीजिए, जिसके लिए 6 अंकीय संख्या 34159n, 6 से विभाज्य है।

Ans
✘ 1. 4
✘ 2. 2
✔ 3. 8
✘ 4. 6

Q.15 एक स्कूल में छात्रों की संख्या, प्रति वर्ष 5% बढ़ जाती है। यदि 2023 में छात्रों की संख्या 5,670 है, तो 2022 में छात्रों की संख्या कितनी थी?

Ans
✘ 1. 5,230
✘ 2. 5,330
✘ 3. 5,430
✔ 4. 5,400

Q.16 एक कार पहले घंटे में 187 km और दूसरे घंटे में 77 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 139
✘ 2. 134
✘ 3. 133
✔ 4. 132

Q.17 8 m ऊंचाई और 4 m आधार त्रिज्या वाले एक लंब वृत्तीय शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ और $\sqrt{5} = 2.34$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✘ 1. 173.25 $m^2$
✔ 2. 167.95 $m^2$
✘ 3. 178.48 $m^2$
✘ 4. 182.36 $m^2$

Q.18 यदि 63, 21, 54 और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 25
✘ 2. 21
✔ 3. 18
✘ 4. 27

Q.19 5.84 × 2.05 − 3.64 × 1.45 − 2.05 × 3.54 + 8.76 × 2.05 − 12.375 + 6.98 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 12
✘ 2. 19
✘ 3. 21
✘ 4. 15

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 फिरोज और गंगाधर किसी निश्चित कार्य को क्रमशः 18 और 11 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया और 5 दिनों के बाद, गंगाधर ने कार्य छोड़ दिया। फिरोज शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans

✗ 1. $\frac{956}{199}$

✓ 2. $\frac{954}{198}$

✗ 3. $\frac{957}{198}$

✗ 4. $\frac{953}{200}$

Q.21 रेलगाड़ी A, स्टेशन M से 7:45 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन N पर 2:45 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी B, स्टेशन N से 9:45 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन M पर 2:45 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 11:50 AM

✗ 2. 9:49 AM

✗ 3. 9:21 PM

✗ 4. 2:50 AM

Q.22 यदि एक लड़का 6 km/h की चाल से दौड़ता है, तो उसे 18 मीटर भुजा वाले वर्गाकार मैदान का एक पूर्ण चक्कर लगाने में कितने सेकंड लगेंगे?

Ans

✓ 1. 43.2

✗ 2. 40

✗ 3. 36

✗ 4. 43

Q.23 हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (6 - 6 ÷ 2) ÷ 3}]

Ans

✗ 1. 29

✓ 2. 28

✗ 3. 27

✗ 4. 30

Q.24 ममता ने एक निश्चित धनराशि 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर (अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित) पर 2 वर्षों के लिए निवेश की। यदि ममता द्वारा प्राप्त ब्याज ₹1,034.43 है, तो उसके द्वारा निवेश की गई कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. ₹4,200

✗ 2. ₹4,400

✓ 3. ₹4,800

✗ 4. ₹4,600

Q.25 कोई व्यक्ति एक साइकिल ₹12,000 में खरीदता है और उसे ₹10,500 में बेचता है। प्रतिशत हानि ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 12.5%

✗ 2. 12%

✗ 3. 14.5%

✗ 4. 16.5%

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.26** एक आयताकार पार्क जो 105 m लंबा और 75 m चौड़ा है, इसके चारों ओर अंदर की तरफ 2.5 m चौड़ा, घास से बना पैदल रास्ता है। ₹18 प्रति वर्ग मीटर की दर से इस घास पथ को ट्रिम करने की लागत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹7,000
- ✗ 2. ₹18,250
- ✓ 3. ₹15,750
- ✗ 4. ₹7,875

**Q.27** 10 संख्याओं का योगफल 300 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 29
- ✓ 2. 30
- ✗ 3. 31
- ✗ 4. 28

**Q.28** पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 125 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 204
- ✗ 2. 188
- ✓ 3. 187
- ✗ 4. 203

**Q.29** $0.25 + \frac{0.25}{4} - \frac{3}{8}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $-\frac{1}{8}$
- ✓ 2. $-\frac{1}{16}$
- ✗ 3. $\frac{1}{8}$
- ✗ 4. $\frac{1}{16}$

**Q.30** $\left(\frac{1}{4}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{9}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{3}\right)^{-2}$. का मान ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ 1. 108
- ✗ 2. 116
- ✓ 3. 106
- ✗ 4. 103

**Q.31** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$\sqrt{144} + \sqrt{0.0324} - \sqrt{9} =$

**Ans**
- ✓ 1. 9.18
- ✗ 2. 4.77
- ✗ 3. 15.32
- ✗ 4. 5.23

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.32 एक हार का क्रय मूल्य (निर्माण शुल्क सहित) ₹2,50,000 है, और अमित इसे बेचकर 15% लाभ कमाना चाहता है। बिक्री के समय, वह हार के निर्माण शुल्क पर 5% छूट की घोषणा करता है। यदि निर्माण शुल्क ₹20,000 है, तो हार का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹2,97,500
2. ₹2,88,500 ✔
3. ₹2,77,500
4. ₹2,87,500

Q.33 एक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की कीमत ₹12,000 है। एक स्टोर 15% की छूट दे रहा है। इसके अतिरिक्त, छूट वाले मूल्य पर 5% की मौसमी छूट भी दी जाती है। गैजेट का अंतिम विक्रय मूल्य कितना है?

Ans
1. ₹9,840
2. ₹10,000
3. ₹9,600
4. ₹9,690 ✔

Q.34 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹3840 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 1 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
1. 640
2. 320 ✔
3. 160
4. 1280

Q.35 निशी और विनीत की आयु का अनुपात क्रमशः 5 : 8 है। 9 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 2 : 3 होगा। उनकी वर्तमान आयु में कितना अंतर है?

Ans
1. 27 ✔
2. 7
3. 24
4. 13

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 शब्द 'ACQUIRE' के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
1. Q
2. J
3. B ✔
4. P

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूहों में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. NIP
2. TOU ✔
3. QLS
4. KFM

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.38** सात बॉक्स, R, O, C, K, E, T और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। E के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। C और E के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और O के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। O को E के ठीक ऊपर रखा गया है। T और S के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। R को K के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। R के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**


✗ 1. एक

✗ 2. तीन


✓ 3. दो


✗ 4. चार


**Q.39** दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखे जाने पर दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.40** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PDM NFJ LHG JJD ?

**Ans**

✓ 1. HLA

✗ 2. HKA

✗ 3. GKA

✗ 4. GKZ

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.41 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/ते है/हैं।

कथन:
कुछ जूते, कोट हैं।
कुछ कोट, बेल्ट हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी जूते, बेल्ट हैं।
(II) कुछ कोट, जूते हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.42 सात बॉक्स A, B, C, D, L, M और N एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। L को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। L और M के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D को L के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। M और N के बीच केवल B रखा गया है। A को M के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। N और D के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. दो
✓ 2. चार
✗ 3. तीन
✗ 4. एक

Q.43 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOSE' को '3278' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SEAL' को '7683' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ 1. 6
✗ 2. 8
✗ 3. 3
✗ 4. 7


Q.44 मुना बिंदु A से शुरू करता है और पश्चिम की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। वह फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 5 km दक्षिण की ओर
✗ 2. 8 km उत्तर की ओर
✗ 3. 10 km उत्तर की ओर
✓ 4. 7 km दक्षिण की ओर


www.prepp.in


Your Personal Exams Guide


**Q.45** दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखे जाने पर दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिम्ब का चयन कीजिए।





**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.46** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 246 317 209 349 294 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रिया बाएं से दाएं किए जाने हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**

✗ 1. 12

✗ 2. 15

✓ 3. 13

✗ 4. 11

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.47** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FISH' को '8219' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'SHIP' को '1852' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'P' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 2
2. 1
3. 5 ✔
4. 8

**Q.48** एक निश्चित कूट भाषा में, '78&R' को 'WQOZ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'R&67' को 'MOZQ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में '6' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. Z
2. O
3. M ✔
4. Q

**Q.49** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
49 A 7 D 6 C 36 B 4 = ?

**Ans**
1. 145 ✔
2. 146
3. 140
4. 144

**Q.50** सात लड़कियां सपना, राधिका, नताशा, डोली, लीना, सोनिया और सुरेखा एक गोल मेज पर उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठी हैं। राधिका, नताशा के ठीक दाएं पड़ोस में बैठी है। सुरेखा के बाएं से गिनने पर, सुरेखा और राधिका के बीच केवल सपना बैठी है। लीना के बाएं से गिनने पर, लीना और सुरेखा के बीच केवल एक लड़की बैठी है। लीना, नताशा के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठी है। सपना के दाएं से गिनने पर डोली चौथे स्थान पर बैठी है। डोली के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठी है?

**Ans**
1. लीना
2. नताशा ✔
3. राधिका
4. सोनिया

**Q.51** एक निश्चित कूट भाषा में,
A = B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A $ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T @ D * S $ W = K' है, तो T का K से क्या संबंध है?

**Ans**
1. पत्नी
2. बहन
3. माता ✔
4. पति

**Q.52** शेरोन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह पुनः बाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

**Ans**
1. 2 km दक्षिण की ओर
2. 4 km दक्षिण की ओर
3. 5 km दक्षिण की ओर ✔
4. 3 km दक्षिण की ओर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AXB HEI OLP VSW ?

Ans
1. CZD
2. CDZ
3. CDR
4. CRD

Q.54 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1341, 1344, 675, ?, 60, 15

Ans
1. 198
2. 138
3. 228
4. 218

Q.55 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
16 − 7 ÷ 3 + 25 × 5 = ?

Ans
1. 102
2. 110
3. 100
4. 112

Q.56 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

5 8 14 23 35 ?

Ans
1. 50
2. 52
3. 51
4. 49

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से FAT का संबंध IDW से है। उसी प्रकार, HBP का संबंध KES से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ISM का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. MUQ
2. LVP
3. MUP
4. LVQ

Q.58 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी कौवे, टिकट हैं।
कुछ टिकट, डॉल्फ़िन हैं।
सभी मैगपाई, टिकट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मैगपाई, कौवे हैं।
(II) कुछ कौवे, डॉल्फ़िन हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते

www.prepp.in

Q.59 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, F के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। E, A के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। D, B के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। G, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के बाएं से गिनने पर, G और D के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
1. चार
2. एक
3. तीन
4. दो

Q.60 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

**MONK - OMNK - KNOM**
**KEAN - EKAN - NAEK**

Ans
1. MOLE - OMLE - OLEM
2. NEAL - ENAL - LEAN
3. RICE - IRCE - ECIR
4. RAIN - RIAN - NIAR

Q.61 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**26 37 50 65 82 ?**

Ans
1. 94
2. 110
3. 118
4. 101

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, RFBU एक निश्चित तरीके से YYIN से संबंधित है। उसी प्रकार TDDS, AWKL से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, OIYX दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. VQBF
2. VQFB
3. VFQB
4. VBFQ

Q.63 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(5, 10, 16)**
**(8, 13, 22)**

Ans
1. (16, 11, 18)
2. (9, 14, 24)
3. (12, 17, 38)
4. (20, 25, 104)

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**VKJ WIM XGP YES ?**

Ans
1. ACV
2. ABV
3. ZCV
4. ZBV

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

Q.65 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 9 5 < ? * $ 1 \ 4 7 8 @ 4 # 7 & 6 > $ 2 * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक है और ठीक बाद में एक संख्या भी है?

Ans
1. एक भी नहीं
2. तीन
3. एक
4. दो ✔

Q.66 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BC - GH ✔
2. FG - JK
3. MN - QR
4. ST - WX

Q.67 यदि संख्या 475126 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच कितना अंतर होगा?

Ans
1. 8 ✔
2. 5
3. 7
4. 6

Q.68 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 5 # 8 7 + 1 2 > 5 7 8 = 6 3 % 7 @ 4 5 & 6 7 $ 4 1 9 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. एक
4. चार ✔

Q.69 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
कोई पेन, बॉक्स नहीं है।
कोई बॉक्स, क्रेयॉन नहीं है।
निष्कर्ष:
(I): कोई पेन, क्रेयॉन नहीं है।
(II): कुछ बॉक्स, पेन हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'P – Q + R ÷ S × T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. पत्नी के पिता का भाई
✘ 2. पत्नी की माता का भाई
✘ 3. पत्नी की माता का पिता
✘ 4. पत्नी के पिता का पिता

Section : **General Awareness**

Q.71 जून 2024 में, यूईएफए (UEFA) चैंपियंस लीग 2023/24 का फाइनल मैच निम्नलिखित में से किस देश में आयोजित किया गया था?

Ans
✘ 1. फ़िलीपींस
✘ 2. चीन
✔ 3. इंग्लैंड
✘ 4. नेपाल

Q.72 निम्नलिखित में से संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?

Ans
✘ 1. वल्लभभाई पटेल
✔ 2. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
✘ 3. जवाहरलाल नेहरू
✘ 4. डॉ. बी.आर. अंबेडकर

Q.73 नाइट्रोजन, जैव रसायन विज्ञान में एक आवश्यक तत्व है। इसका परमाणु क्रमांक कितना है?

Ans
✘ 1. 14
✘ 2. 5
✘ 3. 11
✔ 4. 7

Q.74 सितंबर 2024 में, रेकॉर्ड की गई निवल विदेशी संविभाग निवेश (FPI) अंतर्वाह राशि कितनी थी?

Ans
✘ 1. US $7.9 बिलियन
✔ 2. US $9.6 बिलियन
✘ 3. US $5.9 बिलियन
✘ 4. US $6.6 बिलियन

Q.75 सिविल मामलों को सुलझाने में जिला न्यायाधीश का अधिकार क्षेत्र क्या है?

Ans
✔ 1. उनके पास मूल और अपीलीय अधिकारिता होती है।
✘ 2. वे केवल छोटे-मोटे दावों और विवादों को ही सुलझाते हैं।
✘ 3. वे बिना दलीलें सुने ही निर्णय जारी कर सकते हैं।
✘ 4. वे केवल निचली अदालतों की अपीलों पर ही सुनवाई कर सकते हैं।

Q.76 इंडिया-बायोटेक-हैंडबुक-2024 के अनुसार, वैश्विक एथेनॉल उत्पादन में भारत ____ स्थान पर है।

Ans
✘ 1. चौथे
✔ 2. तीसरे
✘ 3. छठे
✘ 4. दूसरे

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.77 भारतीय संविधान के भाग III में उल्लिखित अधिकारों को _____ कहा जाता है।

Ans
1. मौलिक अधिकार
2. विधिक अधिकार
3. आर्थिक अधिकार
4. बुनियादी अधिकार

Q.78 भारत के किस भू-आकृतिक विभाजन में विशाल भारतीय मैदान शामिल हैं?

Ans
1. तटीय मैदान
2. प्रायद्वीपीय पठार
3. उत्तरी पर्वत
4. उत्तरी मैदान

Q.79 प्रातः काल के राग ललित में कौन-से स्वर (note) एक साथ प्रयोग किए जाते हैं?

Ans
1. न और न' (N and N')
2. म और म' (M and M')
3. प और प' (P and P')
4. ग और ग' (G and G')

Q.80 सूर्य और अन्य तारे मुख्यतः निम्नलिखित में से किस द्रव्य अवस्था से बने हैं?

Ans
1. ठोस (Solid)
2. द्रव (Liquid)
3. गैस (Gas)
4. प्लाज्मा (Plasma)

Q.81 2001 की जनगणना के अनुसार, __________ भारतीय लगभग 7,89,201 गांवों में रहते हैं।

Ans
1. 63.86%
2. 72.22%
3. 73.12%
4. 80.14%

Q.82 नवंबर 2024 में, भारत में _______ ने शीघ्र निदान के लिए डिजिटल प्रीडायबिटीज़ जोखिम जांच उपकरण प्रस्तुत किया था।

Ans
1. रेडक्लिफ लैब्स (Redcliffe Labs)
2. ग्लेनमार्क लैब्स (Glenmark Labs)
3. मेट्रोपोलिस लैब्स (Metropolis Labs)
4. अपोलो लैब्स (Apollo Labs)

Q.83 ग्रामीण विकास में, वह तकनीक क्या कहलाती है जिसमें श्रमिक को विस्थापित किए बिना और कम व्यय पर विकास की प्रक्रिया संपन्न होती है?

Ans
1. पूंजी प्रधान तकनीक
2. श्रम विस्थापन तकनीक
3. पूंजी विस्थापन तकनीक
4. श्रम प्रधान तकनीक

Q.84 1857 से पहले, अंग्रेजों के प्रति भारतीय सैनिकों में निम्नलिखित में से कौन-सा, असंतोष का कारण नहीं था?

Ans
1. अंग्रेजों द्वारा भारतीय रीति-रिवाजों का अनादर
2. मुगल बादशाह का समर्थन
3. कम वेतन और ख़राब परिस्थितियां
4. अंग्रेजों द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर कब्ज़ा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 बंगाल के विभाजन की पहली आधिकारिक मांग किसने की थी?

Ans
✔ 1. लॉर्ड कर्ज़न
✘ 2. लॉर्ड डफ़रिन
✘ 3. ए.ओ. ह्यूम
✘ 4. लाला लाजपत राय

Q.86 2024 में, निम्नलिखित में से किस भारतीय सुप्रसिद्ध अभिनेत्री और नर्तकी को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans
✘ 1. शबाना आज़मी
✘ 2. हेमा मालिनी
✘ 3. शर्मिला टैगोर
✔ 4. वैजयंतीमाला बाली

Q.87 दिसंबर 2024 में, मौद्रिक नीति समिति (MPC) की 52वीं बैठक भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की किस धारा के अंतर्गत आयोजित की गई थी?

Ans
✘ 1. धारा 45ZM
✔ 2. धारा 45ZB
✘ 3. धारा 45ZL
✘ 4. धारा 45ZC

Q.88 ऊर्जा संरक्षण का नियम क्या कहता है?

Ans
✘ 1. प्रत्येक ऊर्जा अंतरण प्रक्रम में ऊर्जा नष्ट होती है।
✘ 2. ऊर्जा का सृजन किया जा सकता है और उसे नष्ट किया जा सकता है।
✔ 3. ऊर्जा का न तो सृजन किया जा सकता है और न ही उसे नष्ट किया जा सकता है।
✘ 4. द्रव्य से ऊर्जा का सृजन किया जा सकता है।

Q.89 जुलाई 2024 में, वायु सेना प्रमुख द्वारा किस शहर में वेपन सिस्टम्स स्कूल (Weapon Systems School-WSS) का उद्घाटन किया गया?

Ans
✘ 1. पुणे
✘ 2. चंडीगढ़
✔ 3. हैदराबाद
✘ 4. पुरी

Q.90 गौरी दिवाकर एक प्रसिद्ध _____ नर्तकी हैं।

Ans
✘ 1. कथकली
✘ 2. ओडिसी
✔ 3. कथक
✘ 4. मणिपुरी

Q.91 'काव्यादर्श' (Kavyadarsha) पुस्तक के रचयिता का नाम बताइए।

Ans
✘ 1. जैमिनि (Jaimini)
✘ 2. बादरायण (Badarayana)
✘ 3. कुंदकुंद (Kundakunda)
✔ 4. दण्डी (Dandin)

Q.92 अगस्त 2024 में, लद्दाख में भारतीय सेना द्वारा आयोजित उच्च ऊंचाई के ऑपरेशनों से संबंधित सैन्य अभ्यास का नाम क्या था?

Ans
✘ 1. हिमविजय
✘ 2. डेजर्ट स्ट्राइक
✔ 3. पर्वत प्रहार
✘ 4. युद्ध अभ्यास

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.93 अप्रैल 2014 से जून 2024 के बीच भारत ने कितना FDI आकर्षित (attract) किया?

Ans
1. $500 बिलियन
2. $667.41 बिलियन
3. $689.88 बिलियन
4. $1 ट्रिलियन

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन, मानव विकास सूचकांक प्रकाशित करता है?

Ans
1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization)
2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)
3. विश्व बैंक (World Bank)
4. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Programme)

Q.95 लूनी नदी, थार मरूस्थल से बहती हुई अंततः __________ में मिलती है।

Ans
1. कच्छ के रण
2. अरब सागर
3. बंगाल की खाड़ी
4. पाक खाड़ी

Q.96 बंगाल के चरमपंथी दल का नेतृत्व किसके (किनके) द्वारा किया गया था?

Ans
1. दयानंद सरस्वती
2. बी.सी.पाल और अरबिंदो
3. लाला लाजपत राय
4. बी.जी. तिलक

Q.97 भारत में झाड़ीदार वनस्पति सामान्यतः किस प्रकार के वनों में पाई जाती है?

Ans
1. उष्णकटिबंधीय कंटक वनों
2. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों
3. पर्वतीय वनों
4. वेलांचली और दलदली वनों

Q.98 शीत ऋतु के दौरान, उत्तर भारत में अत्यधिक ठंड का मुख्य कारण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(1) समुद्र के समकारी प्रभाव की उपस्थिति
(2) हिमालय की श्रेणियों में हिमपात
(3) कैस्पियन सागर और तुर्कमेनिस्तान से ठंडी पवनों का आना

Ans
1. केवल 1 और 2
2. 1, 2 और 3
3. केवल 2 और 3
4. केवल 1 और 3

Q.99 भारतीय संविधान के किस संशोधन ने भारत में 'पंचायत राज' की अवधारणा पेश की?

Ans
1. 74वाँ संशोधन
2. 73वाँ संशोधन
3. 61वाँ संशोधन
4. 44वाँ संशोधन

Q.100 कर्णावर्त (cochlea) मानव शरीर के किस अंग से संबंधित है?

Ans
1. कंठ
2. कान
3. नाक
4. आँख

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.101 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह है?

Ans
1. कांडला बंदरगाह
2. मुंबई बंदरगाह ✔
3. विशाखापत्तनम बंदरगाह
4. न्हावा शेवा बंदरगाह

Q.102 SEBI की BRSR आवश्यकताओं के अंतर्गत ESG प्रकटीकरण का उद्देश्य निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में अनुपालन में सुधार करना है?

Ans
1. नैतिक, संधारणीय और शासन मानक
2. नैतिक, सामाजिक और शासन मानक
3. पर्यावरण, सामाजिक और शासन मानक ✔
4. पर्यावरण, संधारणीय और शासन मानक

Q.103 इडुक्की जलविद्युत परियोजना, किस राज्य में स्थित है?

Ans
1. केरल ✔
2. तेलंगाना
3. झारखंड
4. कर्नाटक

Q.104 भारत में पहली यात्री रेल सेवा (passenger train service) कब शुरू की गई थी?

Ans
1. 1885
2. 1853 ✔
3. 1925
4. 1903

Q.105 मथुरा से 1857 के विद्रोह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया?

Ans
1. देवी सिंह ✔
2. राजा प्रताप सिंह
3. मौलवी लियाकत अली
4. फिरोज शाह

Q.106 2024 में, प्रथम विज्ञान रत्न पुरस्कार प्राप्तकर्ता प्रोफेसर गोविंदराजन पद्मनाभन निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

Ans
1. खाद्य प्रसंस्करण
2. आण्विक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान ✔
3. पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स
4. परमाणु ऊर्जा

Q.107 वैदिक काल में प्रचलित 'वैश्य' शब्द की उत्पत्ति किस शब्द/पद से हुई थी?

Ans
1. विश् ✔
2. वास्नव
3. विग्रह
4. विद्या

Q.108 स्वतंत्रता के समय भारत में देखी गई 'अपक्षयी अर्थव्यवस्था (depleted economy)' से क्या अभिप्राय है?

Ans
1. एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें अत्यधिक उपयोग के कारण खराब हो चुकी भौतिक परिसंपत्तियों को बदलने के लिए कोई प्रावधान नहीं है ✔
2. एक ऐसी अर्थव्यवस्था जो न्यूनतम औद्योगिक विकास के साथ कृषि पर बहुत अधिक निर्भर करती है
3. एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें भौतिक परिसंपत्तियों का अधिशेष है लेकिन कुशल श्रम का अभाव होता है
4. एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें विदेशी ऋण का उच्च स्तर और आयात पर निर्भरता होती है

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.109 होमरूल आंदोलन के लिए एनी बेसेंट के साथ किसने सहयोग किया था?

Ans
1. बी.आर. अंबेडकर
2. राजेंद्र प्रसाद
3. बाल गंगाधर तिलक
4. सी.आर. दास

Q.110 भारत में पहली पंचवर्षीय योजना मुख्यतः किस क्षेत्र पर केंद्रित थी?

Ans
1. उद्योग
2. कृषि
3. परिवहन
4. शिक्षा

Q.111 किस अधिनियम के तहत भारत में लोक अदालत संस्था को वैधानिक दर्जा दिया गया?

Ans
1. मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996
2. कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987
3. संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976
4. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

Q.112 वैदिक काल में निम्नलिखित में से किसे समाज का सर्वोच्च सामाजिक वर्ग माना जाता था?

Ans
1. शूद्र
2. क्षत्रिय
3. वैश्य
4. ब्राह्मण

Q.113 निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा भारत में विधायिका की द्विसदनीय प्रणाली शुरू की गई?

Ans
1. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947
2. भारत सरकार अधिनियम, 1935
3. साइमन कमीशन, 1927
4. भारत सरकार अधिनियम, 1919

Q.114 सागरमाला कार्यक्रम, भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा का उपयोग करके देश में बंदरगाह आधारित विकास को बढ़ावा देने का प्रमुख कार्यक्रम है। 14,500 किलोमीटर संभावित नौगम्य जलमार्ग को वर्ष __________ में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था।

Ans
1. 2017
2. 2013
3. 2010
4. 2015

Q.115 आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में दिए गए सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) द्वारा वर्तमान में कितनी पण्यों (commodities) को समर्थन प्राप्त है?

Ans
1. 18
2. 23
3. 20
4. 25

Q.116 संहिताएं प्रत्येक वेद के ______ खंड/भाग को निरूपित करती हैं, जिसमें मंत्रों का संकलन शामिल होता है।

Ans
1. चतुर्थ
2. प्रथम
3. द्वितीय
4. तृतीय

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.117** मोल (mol) का उपयोग निम्नलिखित में से किसके मापन के लिए किया जाता है?

**Ans**

- ✗ 1. किसी पदार्थ के तापमान
- ✓ 2. पदार्थ की मात्रा
- ✗ 3. गैस के दाब
- ✗ 4. किसी पदार्थ की चालकता

**Q.118** अक्टूबर 2024 में, देहरादून में भारत के पहले ________ विलेज का उद्घाटन किया गया।

**Ans**

- ✗ 1. डांसर्स
- ✓ 2. राइटर्स
- ✗ 3. डिफेंस पर्सनल
- ✗ 4. पॉटरी

**Q.119** 2024 कोपा अमेरिका चैंपियनशिप निम्नलिखित में से किस टीम ने जीती थी?

**Ans**

- ✗ 1. चिली
- ✗ 2. ब्राज़ील
- ✓ 3. अर्जेंटीना
- ✗ 4. उरुग्वे

**Q.120** भारत में जनहित याचिका (PIL) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

**Ans**

- ✗ 1. जनहित याचिका का उपयोग मानवाधिकारों को उन्नत करने और सार्वजनिक सरोकारों के मुद्दों को संबोधित करने के लिए किया जाता है।
- ✗ 2. जनहित याचिकाएँ केवल भारत में सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों में दायर की जा सकती हैं।
- ✓ 3. जनहित याचिकाएँ रिट याचिकाओं के समान हैं, क्योंकि दोनों व्यक्तिगत हितों के लिए दायर की जाती हैं।
- ✗ 4. जनहित याचिका किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा आम जनता के लाभ के लिए दायर की जा सकती है।

Prepp Your Personal Exam Guide